उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

पथराव और फायरिंग कर हत्या के प्रयास के मामले में तीन वांछित गिरफ्तार।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी बबूल का पेड़ काटने को लेकर हुआ था विवाद, घर पर ईंट-पत्थर फेंकने और कैमरे तोड़ने का आरोप। मथुरा। थाना रिफाइनरी पुलिस ने पथराव और फायरिंग कर हत्या के प्रयास के मामले में तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों को सोमवार तड़के बरेली हाईवे से कोयला अलीपुर रोड से गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, 27 सितंबर की सुबह मकान के पास खड़े बबूल के पेड़ को काटने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी रंजिश में शाम करीब सात बजे कुछ लोगों ने घर पर पहुंचकर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान डंडे से घर में लगे कैमरों को तोड़ने तथा जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग करने का भी आरोप है।मामले में दी गई तहरीर के आधार पर थाना रिफाइनरी में मुकदमा अपराध संख्या 303/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जतिन पुत्र कन्हैयालाल निवासी कोयला अलीपुर, सचिन पुत्र अजब सिंह निवासी कृष्णकुंज टाउनशिप और संस्कार पुत्र मनीश कुमार निवासी कदंब विहार को गिरफ्तार किया।

एक नज़र में

2.045 किलो गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार, ट्रक बरामदरिफाइनरी पुलिस ने एनएच-19 हाईवे पर की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज।
डिजिटल युग में बच्चों की परवरिश और साइबर सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती: पुलिस।
लता मंगेशकर की जयंती पर छात्राओं ने। दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति
शहीदे आजम भगत सिंह ने युवाओं को दी प्रेरणा राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की।
शहीद भगत सिंह की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

2.045 किलो गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार, ट्रक बरामदरिफाइनरी पुलिस ने एनएच-19 हाईवे पर की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी मथुरा। थाना रिफाइनरी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 2.045 किलोग्राम अवैध गांजा और तस्करी में प्रयुक्त ट्रक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।पुलिस के मुताबिक 27 सितंबर की रात करीब 11:38 बजे एनएच-19 हाईवे पर किआ मोटर्स से करीब 60 मीटर दूर चेकिंग के दौरान वीरेश पुत्र बनवारी निवासी इब्राहिमपुर, थाना महावन, मथुरा और गजेंद्र पुत्र बाबूलाल निवासी सुल्तानपुर, थाना सहपऊ, हाथरस को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 2.045 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। मौके से गांजा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक संख्या UP84T0254 भी बरामद किया गया।

देश

डिजिटल युग में बच्चों की परवरिश और साइबर सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती: पुलिस।



संवाददाता खुशांत गुप्ता दाऊजी नगर के भारती कोचिंग सेंटर में 'मिशन शक्ति' की चौपाल, थाना नौहझील व बाजना चौकी की टीम ने महिलाओं और युवाओं को सिखाए सुरक्षा के गुर, हेल्पलाइन 1930 की दी जानकारी।बाजना (मथुरा), 27 सितंबर। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन अभियान 'मिशन शक्ति' के तहत रविवार को बाजना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3, दाऊजी नगर में एक विशाल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। दाऊजी नगर स्थित भारती कोचिंग सेंटर के प्रांगण में आयोजित इस विशेष चौपाल में थाना नौहझील और बाजना पुलिस चौकी की संयुक्त टीम ने स्थानीय निवासियों, महिलाओं, अभिभावकों और छात्राओं से सीधा संवाद किया।

देश

लता मंगेशकर की जयंती पर छात्राओं ने। दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति



संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा। भारत रत्न स्व. लता मंगेशकर की जयंती के अवसर पर अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं ने लता मंगेशकर के गीतों पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रहें न रहें हम, महका करेंगे' प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लगभग 45 छात्राओं ने लता मंगेशकर द्वारा गाए गए विभिन्न भावों और शैलियों के करीब 22 गीतों पर नृत्य, अभिनय एवं गायन की प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेविका मधु ठाकुर का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि लता मंगेशकर के गीतों के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय संगीत की मधुरता का एहसास कराने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं।

देश

शहीदे आजम भगत सिंह ने युवाओं को दी प्रेरणा राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की।



संवाददाता खुशांत गुप्ता अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा शहीद ए आज़म युवाओं के हृदय सम्राट स्वतंत्रता सेनानी सरदार भगत सिंह जी के 120 वें जन्मदिवस पर चित्रसेन मौर्य जी की अध्यक्षता में पुष्पांजलि सभा कर संगोष्ठी का आयोजन संचालन हरेंद्र कुमार ने किया सर्वप्रथम मुख्य रूप से पधारे बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर वाहिनी समाजवादी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार बीडीसी ने सरदार भगत सिंह जी के चित्र पर प्रतीकात्मक पुष्प अर्पित किए और कहा युवा हृदय सम्राट सरदार भगत सिंह ने छोटी सी उम्र में देश की आजादी के समग्र आंदोलन को...

देश

शहीद भगत सिंह की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली।



संवाददाता हर्ष राठी जवां: 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह की जयंती पर जवां में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसको युवा भाजपा नेता ठाकुर अभिमन्यु सिंह ने फीता काटकर स्थानीय बंबा से रवाना किया जो मैन बाजार में होती हुई नगर पंचायत कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई, शोभा यात्रा में सैकड़ो कारों के काफिले के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।